तापमान
अधिकतम 42 .5 डिग्री
न्यूनतम 18 .9 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

**शहर में आज**
- उपायुक्त सचिन गुप्ता की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।

D.A.V. CENTENARY PUBLIC SCHOOL, ROHTAK
CBSE Affiliated, Co-Edu., English Medium School under the direct control of DAV College Managing Committee, New Delhi.
CLASS-X BOARD EXAMINATION RESULT (2025-26)
ANIKA 98.6% 1st Position
SANVI DUA 97.8% 2nd Position
DAKSH 97.6% 3rd Position
95% & ABOVE 15 | 90% - 94% 35 | 80% - 89% 42 | 1st DIVISION 160 | TOTAL RESULT 100%
SUBJECT WISE DISTINCTIONS
ENGLISH -125 | HINDI - 108 | MATHS : 80 | S.STUDIES : 99 | SCIENCE : 78 | COMPUTER : 130
ADMISSION OPEN
PRE-NURSERY TO IX & XI (ALL STREAMS)
NO ADMISSION FEE PRE-NURSERY TO CLASS-I
DELHI ROAD, NEAR ASTHAL BOHAR, ROHTAK | 70820-60555, 9053011152

## खबर संक्षेप

### नीट यूजी को लेकर परीक्षा केंद्रों के आसपास पाबंदियां

**रोहतक।** नीट (यूजी) परीक्षा-2026 के शांतिपूर्ण और पारदर्शी आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए जिलाधीश सचिन गुप्ता ने सख्त प्रशासनिक कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा 3 मई को आयोजित होने वाली इस महत्वपूर्ण परीक्षा के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। जारी आदेशों के अनुसार, जिले में स्थापित सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के हथियार जैसे आग्नेयास्त्र, तलवार, लाठी, चाकू आदि लेकर चलने पर भी रोक लगाई गई है। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने के लिए 3 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोस्टेट, जेरॉक्स, साइबर कैफे और संबंधित दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### आशीष पर हमले का मुख्य आरोपी पकड़ा

**रोहतक।** रोहतक की नेहरू कॉलोनी निवासी आशीष पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अमित उर्फ टाइगर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है। मामला 18 अप्रैल का है, जब आशीष जनता कॉलोनी में सीवर सफाई के काम के दौरान था। इसी दौरान स्कूटी पर सवार तीन युवकों ने उस पर हमला कर दिया और गढ़ी मोहल्ला निवासी काबिया ने चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। थाना शिवाजी कॉलोनी पुलिस ने जांच के बाद 21 अप्रैल को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया था। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### विक्की पर हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** किलोई खास निवासी विक्की पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामला 18 अप्रैल का है, जब विक्की अपने दोस्त विकास के साथ बाइक पर जा रहा था। इसी दौरान काले रंग की स्विफ्ट और वेन्यू कारों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और बाद में कार सवार आरोपियों ने लाठी-डंडों और पिस्तौल के बल पर हमला कर दिया, जिसमें विक्की गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना सदर पुलिस ने जांच के बाद रोहित, रोकी और साहिल उर्फ पहलवान को गिरफ्तार किया है।

### 2.29 लाख की ठगी का मास्टरमाइंड दबोचा

**रोहतक।** रोहतक में बैंक अधिकारी बनकर 2.29 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। गांव गंधरा निवासी जितेंद्र से ठग ने एक्सिस बैंक का अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया और ओटीपी लेकर खाते से रकम निकाल ली। शिकायत के बाद साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिल्ली निवासी मास्टर माइंड अंशु को काबू कर लिया। उसके कब्जे से पांच मोबाइल और छह लैपटॉप बरामद हुए हैं।

## हिसार-भिवानी रोड पर लोगों की रीढ़ की हड्डी में आ रही 'चणक'

# बहुत बेदर्द है यह सड़क

- आए दिन हादसों से कई लोग हो चुके हैं घायल, छह साल से मरम्मत न होने लोगों में रोष
- स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप सड़कों पर उतरने की चेतावनी
- भिवानी व हिसार आने जाने वाले भारी वाहन 24 घंटे इस सड़क से गुजरते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हिसार रोड से भिवानी रोड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे और जानलेवा गड्ढे बने हुए हैं। लोगों की रीढ़ की हड्डी में चणका आ रही है। साथ ही रोजाना हजारों वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले करीब छह साल से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन न तो सरकार और न ही प्रशासन ने इस ओर कोई ठोस कदम उठाया है। टूटी सड़क की वजह से कई लोग हादसों में गम्भीर रूप से घायल हो चुके हैं। सड़क के दोनों और दस हजार से ज्यादा रिहायशी एरिया है। इसके अलावा दर्जनों फैक्ट्री हैं। भिवानी और हिसार से आने जाने वाले भारी वाहन इस सड़क का 24 घंटे तक प्रयोग करते हैं। इसके बावजूद सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि वाहन चालकों को अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। खासकर बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने के कारण उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। लोगों में सड़क की हालत देखकर इतना रोष व्याप्त है कि वे सड़क पर उतरने का निर्णय लेने वाले हैं।

अलग खबर



रोहतक। जर्जर और जगह-जगह टूट चुकी भिवानी-हिसार रोड की लिंक सड़क। फोटो : हरिभूमि

### कोई सुनवाई नहीं



सड़क की हालत लंबे समय से खराब है। शिकायतें करने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही। रोजाना यहां छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं, जिनमें लोग घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग केवल आश्वासन देकर अपना पल्ला झाड़ लेता है। -संदीप कुमा, भिवानी चुंगी निवासी

### अंधेरे में गड्ढे दिखाई नहीं देते



यह सड़क इलाके के लिए जीवन रेखा के समान है, लेकिन इसकी हालत देखकर ऐसा लगता है जैसे इसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया हो। उन्होंने बताया कि कई बार बाइक सवार गड्ढों में फंसकर गिर जाते हैं, जिससे गंभीर चोटें लगती हैं। रात के समय यह समस्या और भी खतरनाक हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में गड्ढे दिखाई नहीं देते। -सन्नी कुमार

### बच्चों को भेजने पर डर लगता



बच्चों को सड़क पर भेजने में ही डर लगता है। दुपहिया वाहनों के ब्रेक लगाते हैं तो वे हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसलिए प्रशासन को जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण करवाना चाहिए। ताकि हादसों पर रोक लग सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। लोग सड़कों पर भी उतर सकते हैं। -हर्ष कुमार

# गर्मी बढ़ते ही बिजली कट शुरू, बढ़ी दिक्कत

## 15 कॉलोनियों में कई घंटे सप्लाई बाधित रही

- सुबह के समय पानी की किल्लत, लोगों को हो रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में एक बार फिर बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मरम्मत कार्य के चलते शहर की करीब 15 कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति बाधित रहने वाली है, जिससे खासतौर पर सुबह के समय लोगों को पानी भरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बिजली निगम की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार अलग-अलग फीडरों पर निर्धारित समय में सप्लाई बंद रहेगी। जानकारी के अनुसार, सुबह 7 बजे से 9 बजे तक दिल्ली रोड फीडर से जुड़े इलाके रामगोपाल कॉलोनी, सेक्टर-2, दिल्ली बाइपास सहित कई क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। वहीं, सुबह 10 बजे से रेलवे रोड फीडर पर भी सप्लाई बाधित रहेगी। साथ ही सुबह 12 से 2 बजे तक सब डीविजन नंबर 3 में लगते बाबरा मौहल्ला, किला रोड, माता दरवाजा आदि एरिया में बिजली बाधित रहेगी। इस दौरान घरों में मोटर नहीं चल पाने के कारण पानी की किल्लत सबसे बड़ी समस्या बनकर सामने आएगी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सुबह का समय रोजमर्रा के कामों के लिए सबसे अहम होता है। ऐसे में बिजली कटौती से न केवल पानी की समस्या खड़ी हो जाती है, बल्कि बच्चों के स्कूल और लोगों के दफ्तर जाने के समय भी बाधा उत्पन्न होती है।



### मरम्मत के बावजूद नहीं मिल रही राहत

लोगों में इस बात को लेकर खासा रोष है कि पूरी सर्दी के दौरान बिजली निगम द्वारा मरम्मत कार्य किए जाने का दावा किया गया था, लेकिन अब गर्मी की शुरुआत होते ही बार-बार कटौती सामने आ रही है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते काम सही तरीके से किया गया होता, तो इस तरह की परेशानी नहीं उठानी पड़ती।

### व्यापारियों व दुकानदारों पर भी कटौती का असर

बिजली कटौती का असर सिर्फ घरों तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। खासकर वे व्यवसाय, जो पूरी तरह बिजली पर निर्भर हैं, उनके कामकाज पर सीधा असर पड़ रहा है।

### मरम्मत और लाइन सुधार के लिए कटौती

बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह कटौती आवश्यक मरम्मत और लाइन सुधार के चलते की जा रही है, ताकि भविष्य में बड़े फॉल्ट से बचा जा सके। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले जरूरी काम निपटा लें और पानी का प्रबंध पहले से कर लें। मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एएसजे शैलेंद्र सिंह की अदालत ने युवती से दुष्कर्म के मामले में आरोपी सुनील को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 1 लाख 7 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने पर दोषी को 2 साल 9 माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले के अनुसार, 29 अप्रैल 2023 को शहर की एक कॉलोनी निवासी युवती ने पुलिस में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 22 अप्रैल 2020 को आरोपी उसे बहला-फुसलाकर गुरुग्राम ले गया, जहां चार माह तक उसके साथ दुष्कर्म किया।

इस दौरान आरोपी ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी, जिसके चलते उसने पहले गलत बयान दिया था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने जबरन आर्य समाज मंदिर में शादी की और दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर उसकी उम्र बदल दी। पुलिस ने पोक्सो, धोखाधड़ी व दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। अदालत ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

## रिटौली गोलीकांड में छठा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** गांव रिटौली में हुई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने छठे आरोपी मोहन उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। 19 दिसंबर 2025 को दो गुटों के बीच हुई इस वारदात में करीब 40 राउंड फायरिंग हुई थी, जिसमें दीपक घायल हुआ था, जबकि एक हमलावर की मौत हो गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि घटना पुरानी रंजिश के चलते हुई।मामले में अब तक छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी हिमांशु उर्फ भाऊ अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि हिमांशु उर्फ भाऊ और सन्नी के बीच 2020 से रंजिश चली आ रही है। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं और विवाद की शुरुआत बसों की किस्तों को लेकर हुई थी। इसके बाद यह विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया।



पुरानी रंजिश में दिया वारदात को अंजाम

# देर रात आइसक्रीम खाने आए युवक पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना स्टैंड पर देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब आइसक्रीम खाने आए एक युवक पर कुछ युवकों ने तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। घायल युवक दर्द से कराहता रहा, जिसे तुरंत राहगीरों की मदद से उपचार के लिए पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक सामान्य रूप से आइसक्रीम खा रहा था, तभी कुछ युवक वहां पहुंचे और बिना किसी चेतावनी के उस पर हमला कर दिया। हमलावरों के हाथों में तेजधार हथियार थे, जिससे युवक को गंभीर चोटें आईं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक रोहित ने होश में आने के बाद पुलिस को दिए बयान में बताया कि यह हमला किसी अचानक विवाद का परिणाम नहीं, बल्कि पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। युवक ने कुछ आरोपियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं, जिनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। देर रात सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की वारदात ने लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।


पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में भर्ती

## 2001 के बाद पंजीकृत छात्रों को होगा लाभ, परीक्षा अगस्त में संभावित

# छूटे विद्यार्थियों को बड़ी राहत: डिग्री पूरी करने के लिए मर्सी चांस देगा मदवि

### 15 मई से 5 जून तक आवेदन, ऑफलाइन मोड में होंगी परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने उन हजारों विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है, जिनकी डिग्री किसी कारणवश अधूरी रह गई थी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विशेष अवसर (मर्सी चांस) की घोषणा करते हुए ऐसे छात्रों को फिर से परीक्षा देकर अपनी डिग्री पूरी करने का मौका दिया है। अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2001 के बाद पंजीकृत विद्यार्थी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि मर्सी चांस की परीक्षाएं अगस्त 2026 में संभावित हैं, जबकि इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 मई से 5 जून तक चलेगी। परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी। इस पहल के तहत विद्यार्थी न केवल अपनी अधूरी परीक्षाएं दे सकेंगे, बल्कि अपने अंकों में सुधार का भी अवसर मिलेगा। हालांकि, बीएड पाठ्यक्रम में सुधार की अनुमति नहीं होगी।

- छात्र अब अंकों में सुधार भी कर सकेंगे निर्धारित शुल्क के साथ मौका
- स्नातक से प्रोफेशनल कोर्स तक लागू, शुल्क 15 हजार से 27 हजार तक



### इसलिए लिया फैसला

कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने बताया कि यह कदम विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि वे अपनी डिग्री पूरी कर सकें और आगे बढ़ सकें। एमडीयू द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2001 के बाद पंजीकृत विद्यार्थी इस विशेष अवसर का लाभ उठा सकेंगे। जरूरत पड़ने पर कुलपति द्वारा गठित समिति पुराने मामलों पर भी विचार कर सकती है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि आवेदन से पहले विद्यार्थी अपनी पात्रता अवश्य जांच लें, क्योंकि अपात्र पाए जाने पर शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

### यह देनी होगी फीस

स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए पहली बार मर्सी चांस लेने पर 15 हजार रुपये, दूसरी बार 18 हजार रुपये और उससे अधिक बार के लिए 21 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं, व्यावसायिक पाठ्यक्रम जैसे एमबीए, एलएलबी, एमसीए, बीटेक आदि के लिए यह शुल्क क्रमशः 20 हजार, 24 हजार और 27 हजार रुपये तय किया गया है।

### अंकों में सुधार भी कर सकेंगे

परीक्षा नियंत्रक ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा केवल पुनः परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थी अपने अंकों में सुधार भी कर सकेंगे। हालांकि, बीएड पाठ्यक्रम में सुधार की अनुमति नहीं होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि विद्यार्थी आवेदन से पहले सभी नियमों और पात्रता की जानकारी अच्छी तरह पढ़ लें। निर्धारित समय के बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## सेक्टर-3 में 50 लाख की रंगदारी का मामला

# आरोपी गिरफ्तार, प्रोफेसर ही निकला मास्टरमाइंड

**रोहतक।** सेक्टर-3 निवासी आशुतोष से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अभिषेक पुत्र श्रीनिवास निवासी गांव भापड़ौदा, जिला झज्जर (हाल निवासी सेक्टर-3 रोहतक) के रूप में हुई है। उसे 22 अप्रैल को पकड़ा गया और उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। 28 मार्च को आशुतोष के पास एक कॉल आई थी, जिसमें कॉलर ने खुद को गैंग से जुड़ा बताते हुए 50 लाख रुपये की मांग की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के निर्देश पर थाना पुलिस और सीआईए-1 टीम ने संयुक्त अभियान चलाया।जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी कोई गैंगस्टर नहीं, बल्कि झज्जर के पाटौदा स्थित संस्कारम यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर है। वह पहले पीड़ित के घर किराये पर रह चुका था और परिवार की जानकारी होने के कारण साजिश रची।



# हर साल दावे, मानसून में हकीकत होती है बेनकाब

## शहर में जलभराव की फिर वही पुरानी कहानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

आसमान में बादल अभी दूर हैं, लेकिन कागजों पर बरसात शुरू हो चुकी है। हर साल की तरह इस बार भी जिला प्रशासन ने मानसून से पहले शहरी क्षेत्रों में जलभराव रोकने के लिए तैयारियों का खाका खींच दिया है। बैठकों, निर्देशों और योजनाओं की परतें सज चुकी हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि इस बार किसी भी हाल में शहर को जलजमाव से बचाया जाए। लेकिन सवाल वही पुराना है, जो हर बरसात के बाद शहर की गलियों में तैरता नजर आता है। क्या इस बार भी दावों की नाव पानी में डूबेगी या वाकई हालात बदलेंगे।




■ डीसी ने की बैठक की अध्यक्षता

रोहतक। समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### सीवर में कचरा डालने पर सख्त कार्रवाई

लघु सचिवालय में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने साफ कहा कि सभी विभाग समयबद्ध और समन्वित तरीके से काम करें। सड़कों के किनारे स्टॉर्म वाटर ड्रेन बनाना, बंद पड़ी ड्रेनों को चालू करना और नालों की सफाई तय समय में पूरी करना प्राथमिकता में रखा गया है। साथ ही नगर निगम को निर्देश दिए गए हैं कि सीवर लाइनों में गोबर या कचरा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि जाम की समस्या से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि करोड़ों रुपये की जल निकासी परियोजनाएं इस समय जिले में चल रही हैं और मानसून से पहले इन्हें पूरा कर लिया जाएगा। महम क्षेत्र में कार्यों की निगरानी के लिए विशेष जिम्मेदारी भी तय की गई है। विभागों के बीच तालमेल बढ़ाने के लिए कमेटी गठित करने की बात भी कही गई है।

### जलभराव वाले इलाकों की समीक्षा की

पिछले साल जिन इलाकों में जलभराव ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया था, उन स्थानों की भी समीक्षा की गई। मदवि गेट नंबर-1 से रेलवे लाइन, सोनीपत रोड, सेक्टर 3-4 की पुलिया, सुभाष चौक, छोटूराम चौक, गोकर्ण तीर्थ और नई अनाज मंडी जैसे क्षेत्रों में विशेष प्रबंधों के निर्देश दिए गए हैं। सिंहपुरा डिस्पोजल पर स्थायी पंप और बिजली कनेक्शन की व्यवस्था को भी प्रशासन अपनी उपलब्धि के तौर पर गिना रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 किलोमीटर सीवर सफाई का दावा किया गया है, वहीं 80 प्रतिशत पंप सेट नए लगाए जाने की बात भी सामने आई है। थोड़ी सी बारिश में ही सड़कें तालाब बन जाती हैं, नालों का पानी घरों में घुस जाता है और शहर की रफ्तार ठहर जाती है।

# ईशान लठवाल बने टीम रॉबर्ट वाड्रा के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

टीम रॉबर्ट वाड्रा हरियाणा द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता ईशान लठवाल को जिला रोहतक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर इशान लाठवाल ने रॉबर्ट वाड्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ निभाएंगे।



उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना, समाज को जोड़ना तथा समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना रहेगा। लठवाल ने इस अवसर पर टीम के समन्वयक राजीव चौधरी का विशेष धन्यवाद किया, जिन्होंने उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। इसके पश्चात उन्होंने हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष शिवम बधवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और समर्थन से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# सांपला नगर पालिका चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सांपला नगर पालिका के सामान्य चुनाव-2026 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रोहतक के अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार को सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने यमुनानगर के एडीसी नवीन कुमार आहूजा का स्थान लिया है। प्रशासन द्वारा सामान्य, पुलिस एवं चुनाव पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है, जो 24 अप्रैल से स्थानीय सर्किट हाउस में आमजन और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए उपलब्ध रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, चेयरमैन व पार्षद पद के लिए 40 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। सभी को पार्टी की टिकट मिलने की उम्मीद है।

### पार्षद पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने दाखिल किया पर्चा



नामांकन प्रक्रिया भी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है। नामांकन पत्र दाखिल करने के दूसरे दिन प्रधान पद के लिए कोई भी उम्मीदवार सामने नहीं आया, जबकि पार्षद पदों के लिए तीन प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किए। वार्ड नंबर 7 से पिंकी रानी (पत्नी विजयंत), वार्ड नंबर 9 से जॉनी (पुत्र रामकुमार) तथा वार्ड नंबर 16 से तेजेंद्र (पुत्र राजसिंह) ने नामांकन पत्र जमा करवाए। प्रधान पद के लिए नामांकन रिटर्निंग अधिकारी एवं सांपला उपमंडलाधीश के न्यायालय में स्वीकार किए जा रहे हैं, जबकि वार्ड सदस्यों के लिए तहसीलदार न्यायालय में प्रक्रिया जारी है। चुनाव कार्यक्रम के तहत 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। प्रशासन ने सभी प्रत्याशियों और संबंधित पक्षों से आचार संहिता का पालन करने और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की है। -उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता

# 29 अप्रैल से 3 मई तक अंडर-17 गर्ल्स क्रिकेट चैंपियनशिप, शुरू की तैयारियां

**रोहतक।** खेल के मैदान में उतरने से पहले शहर खुद तैयारी के पिच पर उतर चुका है। 69वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों के अंतर्गत 29 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित होने वाली अंडर-17 लड़कियों की क्रिकेट चैंपियनशिप को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं। लघु सचिवालय में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि रोहतक के लिए भी एक बड़ी जिम्मेदारी और अवसर है। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप का आयोजन वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया जाएगा, जिसमें देशभर से करीब 45 टीमों के भाग लेने की संभावना है।

# महिलाओं के प्रतिनिधित्व के खिलाफ विपक्ष : मंजू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

■ अधिनियम पर सहयोग नहीं करना छोटी मानसिकता का प्रतिक



मंजू हुड्डा।

बुधवार को जिपचेयरपर्सन मंजू हुडडा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू ना होने पर अपना बयान जारी किया है। मंजू हुड्डा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन का विपक्षी दलों के द्वारा लोकसभा में विरोध किया गया था। संविधान संशोधन के लिए दो तिहाई बहुमत सत्ता पक्षा के पास नहीं है। पीएम मोदी की सरकार द्वारा नारी शक्ति अधिनियम में लाए गए संशोधन पर विपक्षी दलों के द्वारा सहयोग नहीं किया जाना उनकी छोटी मानसिकता का प्रतिक है। भाजपा नेत्री व चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष के नकारात्मक रवैये और ओछी मानसिकता ने इस विधेयक को पारित होने में रोड़ा अटकाया, जिस कारण नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन नहीं हो पाया है। विपक्ष के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाए कम है। मंजू हुड्डा ने कहा कि 2023 में ये बिल सर्वसम्मति से पास हुआ था, उस समय भी इसमें कुछ शर्तें रखी गई थी। नई संसद में सबसे पहले यही बिल पास हुआ था। सरकार की मंशा थी कि 2024 में बिल लागू नहीं हुआ तो 2029 तक इसे लागू कर दिया जाए, ताकि महिलाओं की भागीदारी भी राजनीति में बढ़े, जोकि महिलाओं का अधिकार भी है।

# भाजपा का हर बूथ पर प्रशिक्षित कार्यकर्ता निकाय चुनाव में जीत की रणनीति तैयार : बड़ौली

■ 10 मई के बाद सभी संगठनात्मक 27 जिलों में 36 घंटों का होगा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा नगर निकाय चुनाव सिंबल पर लड़ेगी। भाजपा का हर बूथ कार्यकर्ता पूरी तरह प्रशिक्षित है। नगर निकाय चुनाव में भाजपा की 100 प्रतिशत जीत तय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 377 मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं। इसके साथ ही 10 मई को होने वाले नगर निकाय चुनाव के बाद सभी 27 संगठनात्मक जिलों में 36 घंटे का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाएगा। वो बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय ''मंगल कमल'' में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक भी मौजूद रहे। संगठनात्मक बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, डा. अर्चना गुप्ता, केंद्र से प्रशिक्षण टोली के सदस्य अजय महावर, मदन गोयल और भारत भूषण जुयाल सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बड़ौली ने कहा कि आज की बैठक में सभी 27 जिलों के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारियों को बुलाकर उनकी जिम्मेदारियां तय की गई है।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली।

### कांग्रेस की सोच व नीति दोनों गलत : बड़ौली

महिला आरक्षण पर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा 2029 के चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सोच गलत है, नीति गलत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक का विरोध किया है इससे महिलाओं में आक्रोश है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी जैसे दलों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जब भी चुनाव होंगे इन दलों को महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता को गुमराह करने का काम करती है।

## न्यूज डायरी



### विधानसभा के विशेष सत्र में कांग्रेस करेगी निंदाः भूपेंद्र हुड्डा

**रोहतक।** महिला आरक्षण बिल को लेकर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बुधवार को पलटवार किया। उन्होंने कहा महिला आरक्षण बिल 1996 में कांग्रेस लेकर आई थी, लेकिन किसी कारण वह पास नहीं हो सका। उसके बाद 2002 में बिल लेकर आए, तब भी पास नहीं हुआ। भाजपा 2023 में बिल लेकर आई और पास हो गया, जो 2024 में लागू हो जाना चाहिए था, लेकिन भाजपा ने बिल को उलझा दिया।वे बुधवार को एक होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ विधायक बीबी बतरा, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी और पूर्व मंत्री सुभाष बतरा आदि मौजूद रहे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी की नीति ठीक नहीं है। 28 अप्रैल को सरकार विधानसभा का एक दिन का सत्र लेकर आ रही है। पता चला है कि भाजपा निंदा प्रस्ताव ला रही है। अगर भाजपा निंदा करेगी तो कांग्रेस भी भाजपा की निंदा करेगी।



### शिविर में कैडेट्स को मिला सैन्य विकास का प्रशिक्षण

**रोहतक।** हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी द्वारा एसआरएस विद्यालय में 21 अप्रैल से 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान कैंप कमांडेंट कर्नल अमित मैथ्यू, कमान अधिकारी 2 हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी, ने कैडेट्स को सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से अनुशासन और सुरक्षा का ध्यान रखने पर जोर दिया। कर्नल अमित मैथ्यू ने शिविर की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ कैडेट्स के समग्र व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत नेतृत्व कौशल, प्राथमिक चिकित्सा, साइबर सुरक्षा, फायर फाइटिंग, जीपीएस, सैटेलाइट इमेजरी और ड्रोन ट्रेनिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।



### आपदा प्रबंधन के लिए एनडीआरएफ का 2 तक प्रशिक्षण अभियान

**रोहतक।** शहर की गलियों में किसी अनदेखी आपदा से पहले ही मोर्चा संभालने के लिए जिला प्रशासन ने कदम तेज कर दिए हैं। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि रोहतक में आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि संकट आने से पहले ही समाज तैयार खड़ा हो। इसी दिशा में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 7वीं बटालियन की एक विशेष टीम जिले में पहुंच चुकी है। टीम कमांडर रंजीत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह दल 2 मई 2026 तक जिले में विभिन्न प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियां संचालित करेगा। डीसी ने जानकारी दी कि इस दौरान टीम जिले की वल्नरेबिलिटी प्रोफाइल तैयार करेगी। यानी किन इलाकों में किस तरह का खतरा ज्यादा है, इसका वैज्ञानिक आकलन कर भविष्य की रणनीति बनाई जाएगी।



### पेयजल आपूर्ति के लिए करोड़ों की परियोजनाएं मंजूर

**रोहतक।** शहर की प्यास बुझाने के लिए अब योजनाओं की धार तेज कर दी गई है। जिला प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि रोहतक में शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने समीक्षा बैठक में कहा कि पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं और इन पर तेजी से कार्य सुनिश्चित किया जाए। डीसी ने बताया कि शहर में मौजूद पांच जलघरों में जल भंडारण की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। आईडीसी स्थित नया जलघर ट्रायल रन पर है, जबकि अन्य चार जलघरों में वर्तमान में लगभग 25 प्रतिशत जल भंडारण उपलब्ध है। शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए 22 बूस्टिंग स्टेशन भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिससे विभिन्न क्षेत्रों तक पानी की पहुंच सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने जानकारी दी कि करीब साढ़े 16 करोड़ रुपये की लागत से 45 किलोमीटर लंबी नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने की परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है।

# जाट शिक्षण संस्थान चुनाव फिर टले

■ पूर्व उप प्रधान काला का आरोप प्रबंधन कर रहा गुमराह, इस्तीफे की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जाट शिक्षण संस्थान रोहतक में चुनाव प्रक्रिया को लेकर विवाद और गहरा गया है। बुधवार को चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रस्तावित प्रक्रिया भी स्थगित हो गई, जिसके बाद कॉलेजियम सदस्यों में नाराजगी खुलकर सामने आई। पूर्व उप प्रधान नरेश कुमार काला (बोहर) ने वर्तमान प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने कहा कि संस्था में जानबूझकर चुनाव प्रक्रिया को लटकाया जा रहा है। दोपहर करीब 1:30 बजे तक न तो प्रधान गुलाब सिंह दिमाना कार्यालय में मौजूद थे और न ही चुनाव अधिकारी पहुंचे। इस पर कॉलेजियम सदस्यों में रोष फैल गया।



### संस्था सूची अपडेट नहीं

नरेश कुमार ने आरोप लगाया कि संस्था की सदस्य सूची अभी तक अपडेट नहीं की गई है और जरूरी कागजात भी अधूरे हैं, जबकि चुनाव अधिकारी स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि दो बार मदवि द्वारा चुनाव रद्द किए जा चुके हैं और अब उच्च न्यायालय भी अपील खारिज कर चुका है, इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं किया जा रहा। काला ने कहा कि संस्था का मजाक बना दिया है। नए बहाने बनाकर चुनाव टाले जा रहे हैं। अगर संस्था सुचारू रूप से नहीं चल पा रही, तो नैतिकता के आधार पर प्रधान को इस्तीफा देकर समाज से माफी मांगनी चाहिए।"

### ये रहे उपस्थित

संस्था के कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार के अलावा कृष्ण कुमार नांदल, चंद्रभान खेड़ी, चिंतामणि इस्माइला, रविंद्र लाठर, कृष्ण सांगवान, बलराज नांदल, राजबाला, जयवीर नांदल, कृष्ण नंबरदार, बीरेंद्र बालंद, कर्म सिंह बलियान और महेंद्र सिंह गुलिया सहित कई कॉलेजियम सदस्य मौजूद रहे। फिलहाल, चुनाव की नई तिथि घोषित नहीं की गई है, जिससे संस्था में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है।

### पोषण पखवाड़ा के तहत ग्रामीणों को दी पौष्टिक आहार की जानकारी

**महम।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आज मदीना कोरसान सर्कल के भराण गांव के आंगनवाड़ी केंद्रों पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए पोषण एवं प्रारंभिक मस्तिष्क विकास विषय पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गईं। साथ ही बच्चों को खेल-आधारित गतिविधियां करवाई गईं और खेल-खेल में सीखने के महत्व पर जोर दिया गया। अभिभावकों के साथ बच्चों के समग्र और सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। इसमें माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाया गया। इसके अलावा बच्चों को घर का बना पौष्टिक भोजन देने के महत्व पर बल दिया गया और पैकेट बंद खाद्य पदार्थों से दूर रखने की सलाह दी गई। सुपरवाइजर निर्मला ने पौष्टिक आहार के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी।

# सड़कों पर धूल, महम में अधिकारी बेलगामः शमशेर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

■ शहर में बिछी स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन में बड़े स्तर पर हुआ भ्रष्टाचार



शमशेर खरकड़ा

महम शहर में हर तरफ धूल के गुब्बार उड़ रहे हैं। यहां की मुख्य सड़कें टूटी पड़ी हैं। दुकानों, घरों और दफ्तरों में गर्दा जा रहा है। जिन लोगों को धूल से एलर्जी है और दमा की शिकायत है, उनका जीना मुश्किल हो गया है। शहर के बीच से गुजरने वाले रोहतक हिसार रोड, गोहाना रोड, सैमाण चुंगी और फरमाणा चुंगी रोड पर सड़कों पर गड्ढे हैं और दिनभर धूल उड़ती रहती है। तहसील, थाना, कोर्ट, बस स्टैंड व अनाज मंडी समेत सरकारी कार्यालयों में जाने वाले लोगों को इस धूल के बीच से गुजरना पड़ रहा है। चौबीसी अठगामा पंचायत के संयोजक शमशेर खरकड़ा का कहना है कि महम शहर का अब कोई वाली वारिश नहीं रहा। महम में अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। फरवरी महीने में शहर में स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन बिछाई गई थी। इस प्रोजेक्ट में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को जब इस बात की जानकारी की थी एक माह बाद शहर में सड़कें उखाड़कर स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन बिछाई जाएगी। बावजूद इसके महम शहर के बीचों बीच गुजरने वाली सड़क का निर्माण किया गया।

परीक्षा | डिग्री पूरी करवाने के लिए 100 दिन का लगातार इंडोर व आउटडोर शूट शेड्यूल

# एफटीवी 2018 बैच क्लीयर का रास्ता साफ, कार्य जांच के लिए जूरी शुरू

सुपवा के कुलगुरु ने व्यक्तिगत दिलचस्पी लेते हुए पूर्ण कराए लंबित फिल्म प्रोजेक्ट्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में फिल्म एंड टेलीविजन (एफटीवी) फैकेल्टी के 2018 बैच के क्लीयर होने का रास्ता साफ हो गया है। इन छात्रों के कार्य को देखने व जांचने के लिए जूरी शुरू हो चुकी है। सुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने व्यक्तिगत दिलचस्पी लेते हुए छात्रों के लंबित फिल्म प्रोजेक्ट्स पूरे कराए, जिसके कारण पूरा बैच अपनी पढ़ाई पूर्ण करने के आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। एफटीवी फैकेल्टी के एफसी महेश टीपी ने बताया कि 2018 बैच की जूरी शुरू होना छात्रों व यूनिवर्सिटी के लिए वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है। यह बैच डिग्री प्रोजेक्ट्स के पूर्ण न होने के कारण काफी लेट चल रहा था। लेकिन, डॉ अमित आर्य ने कुलगुरु बनने के साथ ही इस बैच की पढ़ाई कंपलीट कराना अपनी प्राथमिकता में शामिल किया था। महेश टीपी बताते हैं कि डॉ आर्य ने इन छात्रों के डिग्री प्रोजेक्ट्स पूर्ण कराने के लिए लगातार 100 दिन का इंडोर व आउटडोर शूट शेड्यूल कराया। जिससे इस बैच के करीब 45 छात्रों को सीधा फायदा हुआ। यह बैच जल्द से जल्द पासआउट हो, इसलिए शूट्स की डेली बेसिस पर रिपोर्ट तलब करते हुए डॉ आर्य ने उनकी मॉनिटरिग की। कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने बताया कि सुपवा परिवार के लिए 2018 बैच की जूरी शुरू होना हर्ष का विषय है। जूरी के लिए बॉलीवुड के सिनेमैटोग्राफर अत्तर सिंह सैनी आए हैं।



### अभिनेत्री नैना सरीन भी मुंबई से जूरी लेने सुपवा पहुंची

इसी तरह फिल्म अभिनेत्री नैना सरीन भी मुंबई से जूरी लेने सुपवा पहुंची हैं। वे कई फिल्मों, वेब सीरीज व टीवी सीरियल में कार्य कर चुकी हैं। डॉ आर्य ने बताया कि ब्लर, डार्क माई ब्रदर, दाएं या बाएं आदि फिल्मों के निर्देशक शुभमॉय सेनगुप्ता, बीवी नंबर 1, बॉर्डर, चाची 420, खामोशी द म्यूजिकल, परदेश, फिजा, घातक आदि सुपरहिट फिल्मों के म्यूजिक रिकॉर्डिंग इंजीनियर प्रदीप राउत्रे और बर्लिन, माली, आईएम, चारूंगा, सॉरी भाई आदि फिल्मों का संपादन करने वाली आईरीन धर मलिक भी जूरी लेने के लिए सुपवा पहुंची हैं।

### उत्पादन प्रक्रिया का व्यापक पुनर्गठन किया

डॉ आर्य ने बताया कि एफटीवी के इन लंबित प्रोजेक्ट्स में हुई देरी का असर यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक व्यवस्था पर पड़ रहा था। इसलिए इन लंबित प्रोजेक्ट्स के समाधान के लिए उत्पादन प्रक्रिया का व्यापक पुनर्गठन किया गया, जिसमें अनुमोदन प्रक्रियाओं में तेजी, उपकरणों की समय पर उपलब्धता, बेहतर लॉजिस्टिक सहयोग और अतिरिक्त तकनीकी संसाधनों का इंतजाम किया गया। लगातार 100 दिन तक शूट चलाते हुए सभी डिग्री प्रोजेक्ट्स पूरे कराए गए, जिनके आंकलन के लिए जूरी चल रही है।

### तिलकनगर धर्मशाला में मेदांता के डॉक्टरों ने जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**रोहतक।** तिलकनगर स्थित धर्मशाला में बुधवार को स्वास्थ्य जागरूकता और निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत्त कर्नल कृष्ण चंद और प्रधान रणबीर नरवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर डॉक्टरों से परामर्श लिया। चिकित्सकों ने मरीजों की सामान्य जांच के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने और नियमित जांच कराने के प्रति जागरूक किया। इस दौरान रक्तचाप, शुगर सहित अन्य आवश्यक जांच भी की गईं। रणबीर पहलवान ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर बिजेंद्र सिवाच, शेर सिंह, रामकिशन राणा, युद्धवीर ग्रेवाल, रामकुमार मलिक, धर्मपाल सिंह दहिया और रणबीर पहलवान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### आर्य स्कूल मदीना में ली पर्यावरण सुरक्षा की शपथ

**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में एक विशेष सभा हुई, जिसमें छात्रों ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक संकल्प पत्र के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली। सामूहिक स्वर में ली गई इस शपथ के दौरान छात्रों ने ऊर्जा की बर्बादी रोकने, जल के विवेकपूर्ण उपयोग और सौर ऊर्जा जैसे हरित विकल्पों को अपने दैनिक जीवन में उतारने का दृढ़ निश्चय किया।




### एसजेके कॉलेज में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

**कलानौर।** सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज में बुधवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर एनवायरमेंट क्लब एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा व विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व सभी को पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।



### संकल्प के दोहरे शतक से गोयल क्रिकेट क्लब जीता

**रोहतक।** मास्टर धर्मपाल मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में गोयल क्रिकेट क्लब ने एमडीसीए रोहतक को 163 रनों से हराकर जीत दर्ज की। महाराजा अग्रसेन स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में गोयल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 40 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर विशाल 344 रन बनाए। इस पारी के नायक कप्तान संकल्प रहे, जिन्होंने नाबाद 219 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। उनकी इस पारी में 21 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमडीसीए रोहतक की टीम 30.4 ओवरों में 181 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

# सनसिटी सेक्टर-34 में अतिक्रमण हटाने पर बवाल, बिना नोटिस कार्रवाई से भड़के लोग

## पीएनजी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने का आरोप, लोगों ने उठाए सुरक्षा और कानून पर सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वन सिटी अभियान की तर्ज पर बुधवार को डीटीपी (डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर) की टीम ने सनसिटी सेक्टर-34 में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की, लेकिन यह कार्रवाई स्थानीय निवासियों के भारी विरोध के बीच विवादों में घिर गई। लोगों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व नोटिस के अचानक पहुंची टीम ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया, जिससे न केवल उनका सामान क्षतिग्रस्त हुआ बल्कि घरों तक जा रही पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) लाइन भी प्रभावित हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्रवाई के दौरान सुरक्षा मानकों का भी ध्यान नहीं रखा गया। कई जगहों पर पाइपलाइन के आसपास अक्रोचमेंट को तोडा गया, जिससे गैस लीकेज का खतरा पैदा हो सकता है। निवासियों ने यह भी सवाल उठाया कि क्या इस कार्रवाई के लिए संबंधित गैस कंपनी से अनुमति ली गई थी या नहीं। उनका कहना है कि अगर पाइपलाइन में किसी प्रकार की क्षति होती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह स्पष्ट नहीं है। इस कार्रवाई के विरोध में लोगों ने डीटीपी विभाग के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई है और कुछ निवासियों ने तो मुकदमा दर्ज कराने की भी मांग उठाई है। उनका कहना है कि यह कार्रवाई नियमों के विपरीत है और इसमें पारदर्शिता की कमी साफ दिखाई देती है। वहीं सेक्टर-4 एक्सटेंशन के प्रधान सुखबीर माथुर ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए डीटीपी अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उन्होंने विभाग से एक दिन का समय मांगा है ताकि सेक्टर-4 एक्सटेंशन के लोग स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें और किसी प्रकार का बड़ा नुकसान होने से बचा जा सके।

### ऐसे बयां किया दर्द

#### बिना सूचना दिए शुरू कर दी तोड़फोड़



सुबह अचानक टीम आ गई और बिना कोई सूचना दिए तोड़फोड़ शुरू कर दी। हमारे घर के बाहर बना छोटा सा शेड भी गिरा दिया गया। सबसे बड़ी चिंता यह है कि पीएनजी लाइन को भी नुकसान पहुंचा है। अगर कोई हादसा हो जाता तो जिम्मेदार कौन होता। -परमेश्वरी देवी

#### प्रशासन को पहले सूचना देनी चाहिए थी



हमने कभी नहीं सोचा था कि इस तरह बिना नोटिस के कार्रवाई होगी। प्रशासन को पहले सूचना देनी चाहिए थी ताकि हम खुद अतिक्रमण हटा लेते। अब नुकसान भी हुआ और डर भी बना हुआ है कि कहीं गैस लीकेज न हो जाए। -सरोज

### एचडी स्कूल खेड़ी महम में मनाया ग्रीन डे

**महम।** पृथ्वी दिवस के मौके पर एच.डी.सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी महम में बुधवार को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर भाषण प्रस्तुत किए। छात्रों ने पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, लीफ पेस्टिंग और प्रकृति के साथ कला प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यालय प्रांगण में नर्सरी व केजी के विद्यार्थियों ने बुधवार को ग्रीन डे तौर पर मनाया। इस मौके पर पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।



### जी.डी. गोयंका स्कूल में हुई विशेष प्रार्थना सभा

**रोहतक।** जी.डी. गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रार्थना सभा तथा वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाना था। विशेष सभा की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा पृथ्वी दिवस के महत्व पर भाषण, कविता एवं विचार प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने पोस्टर एवं नारे के माध्यम से "पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ" का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। सभा के उपरांत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



## इंडस पब्लिक स्कूल में मनाया 'पृथ्वी दिवस'




**रोहतक।** इंडस पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर छात्रों ने पौधरोपण किया। कक्षा तीसरी से दसवीं तक के छात्रों ने प्रधानाचार्य व अपने कक्षा अध्यापकों के साथ मिलकर विद्यालय के बगीचे में छायादार व फल देने वाले पौधे लगाए तथा उनकी देखरेख की जिम्मेदारी ली। बच्चों ने पर्यावरण की सुरक्षा व जागरूकता के लिए पोस्टर व स्लोगन बनाए। सभी छात्रों ने पौधे लगाने व प्रकृति को बचाने की शपथ भी ली। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि अपने संदेश में विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने की सीख दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मानव का यह कर्तव्य है कि प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान अवश्य दे। इसके लिए, हमें अपने दैनिक जीवन शैली में बदलाव लाने होंगे व सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना होगा। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने कहा कि आज विश्व के महानगरों में रहने वाले मानव अपनी गलत दिनचर्या के कारण अनेक बिमारियों से पीड़ति हैं। अतः हमें शुद्ध हवा में सांस लेने के लिए केवल एक दिन ही नहीं बल्कि हर रोज पृथ्वी दिवस मनाना चाहिए और जंगलों के क्षेत्रफल को घटने से बचाना चाहिए।

### बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के जरिये प्रकृति के महत्व को समझाया

**रोहतक।** बेरी रोड स्थित मॉडल स्कूल सांपला में बुधवार को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर दूसरी कक्षा तक के छोटे-छोटे बच्चों ने हरे रंग के कपड़े पहनकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिससे वातावरण और भी सुंदर लग रहा था। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति के महत्व को समझाया। कक्षा दूसरी के बच्चों ने एक छोटा-सा नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें पेड़ों की कटाई और प्रदूषण के दुष्प्रभाव को दिखाया गया। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि हमें पेड़ बचाने चाहिए और पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। प्रिंसिपल नोमिता बत्रा ने भी बच्चों को समझाया कि धरती को बचाने के लिए हमें पेड़ लगाने चाहिए और प्रदूषण को कम करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल का सारा स्टाफ़ मौजूद रहा।





### सूचना

मैं, राममेहर पुत्र श्री जागेराम निवासी मकान नंबर-2658 गोल मार्किट, सैक्टर-3, रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमित व पुत्रवधु ज्योति मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### बीएमयू में शोधार्थियों को मिला मार्गदर्शन




**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू) के मिनी ऑडिटोरियम में बुधवार को "ए रोड मैप फॉर रिसर्च डिजाइन और हाइपोथेसिस फॉर्मूलेशन" विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शोध संस्कृति को सुदृढ़ करना और शोधार्थियों को वैज्ञानिक अनुसंधान की दिशा में मार्गदर्शन देना रहा। मुख्य वक्ता प्रो. सुरेश चंद्र मलिक ने अपने संबोधन में शोध डिज़ाइन की रूपरेखा, शोध समस्या के चयन की प्रक्रिया तथा परिकल्पना निर्माण को सरल तरीके से समझाया।

### पठानिया पब्लिक स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मन्नत लाठर और हिमांशी ने बखूबी किया। लक्षिका ने एक भावपूर्ण हिंदी कविता प्रस्तुत की, जबकि श्रेया और अवनी ने सार्थक भाषण दिए। इशिता ने नवीनतम समाचार साझा किए। एक हिंदी और अंग्रेजी समूह गीत और एक पर्यावरण को दर्शाती जीवंत नृत्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। धरती हर इंसान की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त देती है, लेकिन हर इंसान के लालच को नहीं।



### अर्थ डे: निबंध स्पर्धा में गरिमा छाईं

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम के भूगोल विभाग में अर्थ डे पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रतिभागियों ने बढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गरिमा तृतीय वर्ष ,द्वितीय स्थान रितु तृतीय वर्ष ,रोहित द्वितीय वर्ष और कीर्ति द्वितीय दिवस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता इंचार्ज दीपक कायत ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. सत्यव्रत सोलंकी ने विद्यार्थियों को सुरक्षित रहने और पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के चीजों के बारे में अवगत करवाया। उनको ज्यादा पेड़ लगाने, प्लास्टिक पर बैन लगाने, जल बचाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विपिन, विकास, जयवीर गोयत, नसीब, वेदपाल व प्रमिलाआदि मौजूद रहे।






### एआई, डेटा साइंस से लेकर आयुष तक हर क्षेत्र में बेहतरीन मौके, सिलेबस के दबाव से न घबराएं

विशेषज्ञ बोले, बच्चों पर न थोपें अपने सपने, उनकी क्षमता पहचानें

# 10वीं के बाद मेडिकल-नॉन मेडिकल में संभावनाओं का है खुला आसमान

स्टूडेंट गाइड

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** 10वीं के परीक्षा परिणाम आते ही विद्यार्थियों और अभिभावकों के सामने सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो जाता है कि आगे कौन सा रास्ता चुना जाए। यही वह मोड़ होता है, जहां लिया गया निर्णय भविष्य की दिशा तय करता है। अक्सर देखा जाता है कि छात्र समाज या रिश्तेदारों के दबाव में आकर मेडिकल या नॉन-मेडिकल का चयन कर लेते हैं, जबकि उनकी रुचि किसी और क्षेत्र में होती है। पारंपरिक सोच के कारण मेडिकल को केवल डॉक्टर और नॉन-मेडिकल को सिर्फ इंजीनियरिंग तक सीमित मान लिया जाता है, जबकि आज के दौर में करियर के विकल्प कहीं अधिक व्यापक और विविध हो चुके हैं। तकनीक, शोध, हेल्थकेयर और स्किल आधारित क्षेत्रों में नए-नए अवसर सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सही करियर वही है, जो छात्र की रुचि, क्षमता और भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप हो। इसलिए जरूरी है कि फैसला समझदारी और सही मार्गदर्शन के साथ लिया जाए।

#### मेडिकल: स्टेथोस्कोप के अलावा भी विकल्प

▶▶ पीजीटी रसायन विज्ञान शिक्षिका दीपिका भुटानी के अनुसार, जो छात्र जीव विज्ञान में रुचि रखते हैं, उनके लिए चिकित्सा जगत बहुत विशाल है। यदि नीट के माध्यम से एमबीबीएस में प्रवेश नहीं मिलता, तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है।

▶▶ **फार्मेसी और फिजियोथेरेपी:** दवाओं के निर्माण और शारीरिक पुनर्वास के क्षेत्र में विशेषज्ञों की भारी मांग है।

▶▶ **आयुष क्षेत्र:** बदलती जीवनशैली के बीच अब लोग आयुर्वेद और होम्योपैथी की ओर लौट रहे हैं। इस क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं। वेटरनरी साइंस: यदि आपकी पशु-पक्षियों के प्रति रुचि है, तो पशु चिकित्सा अधिकारी के रूप में एक प्रतिष्ठित करियर बनाया जा सकता है।

#### नॉन-मेडिकल: तकनीक व डेटा का युग

नॉन-मेडिकल चुनने वाले छात्रों के पास बी.टेक ही एकमात्र विकल्प नहीं है। तकनीक के इस युग में करियर के असीम अवसर हैं।

▶▶ **आधुनिक तकनीक:** एआई, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग आज के सबसे अधिक वेतन वाले क्षेत्रों में से एक हैं।

▶▶ **शुद्ध विज्ञान और अनुसंधान :** फिजिक्स, केमिस्ट्री या मैथ्स में ऑनर्स कर छात्र वैज्ञानिक बन सकते हैं या शिक्षा के क्षेत्र में उच्च पदों पर जा सकते हैं। छात्र सीयूईटी परीक्षा के माध्यम से इकोनॉमिक्स, सांख्यिकी या प्रबंधन जैसे विषयों में भी करियर बना सकते हैं।

#### ऐसे तालमेल बिठाएं



11वीं कक्षा में प्रवेश करते ही सिलेबस अचानक बढ़ जाता है, जिससे छात्र तनाव महसूस करने लगते हैं। दीपिका भुटानी बताती हैं कि 11वीं का आधार 9वीं कक्षा में होता है। शुरुआत में पाठ्यक्रम को धीमे और समझकर पढ़ना चाहिए। विशेष रूप से हिंदी माध्यम से आए छात्रों को अंग्रेजी शब्दावली पर पकड़ बनाने के लिए अतिरिक्त अभ्यास और मार्गदर्शन की जरूरत होती है। बच्चों पर अपनी अधूरी इच्छाएं न थोपें। बच्चे की रुचि और क्षमता पहचानें। दबाव में लिया गया विषय छात्र के मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य, दोनों के लिए घातक हो सकता है।

## न्यूज डायरी

### बच्चों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ



**रोहतक।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रचार एवं प्रशिक्षण विंग, रोहतक वन विभाग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुखपुरा में "प्रकृति शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम" आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन राजिक अधिकारी हितेश डागर ने की। उन्होंने बच्चों को जलवायु परिवर्तन, वनों के महत्व और प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। श्री डागर ने कहा, "पृथ्वी को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। हर बच्चा एक पेड़ लगाकर और उसकी देखभाल करके पर्यावरण बचाने में योगदान दे सकता है। उन्होंने बच्चों को जल संरक्षण, ऊर्जा बचत और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया।

### शीतल स्पोर्ट्स स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस



**रोहतक।** शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम शामिल रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल हुड्डा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है और इसकी सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने, पेड़ लगाने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से हम अपनी धरती को स्वच्छ, हरा-भरा और सुरक्षित बना सकते हैं।

### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में 'अर्थ डे' मनाया




**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में 22 अप्रैल को 'अर्थ डे' के अवसर पर जागरूकता से भरपूर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की तीनों विंग बाल वाटिका गैलेक्सी विंग और शाइनिंग स्टार्स ने संयुक्त रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वर वंदना से हुई, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके बाद अंजलि ने "थॉट ऑफ द डे" के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया, वहीं अनुज ने "वर्ड ऑफ द डे" प्रस्तुत किया। गरिमा की कविता पाठ और विशाल के प्रेरणादायक भाषण ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और अभिनय के जरिए पर्यावरण बचाने का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

### नेकीराम कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम



**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में प्रो प्राचार्य सुरेंद्र सांगवान के नेतृत्व में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण विभाग द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव तब तक सफल नहीं होगा जब तक व्यक्ति सरकार जितनी ही जिम्मेदारी नहीं लेते। विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया । प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बताया कि दैनिक जीवन में कार्बन उत्सर्जन कम करने वाली गतिविधियों को अपनाना चाहिए एवं पर्यावरण की ज्यादा से ज्यादा रक्षा करनी चाहिए। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ उर्मिल, डॉ मनीष हुड्डा ,डॉ निर्मला ने निभाई।

### पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं: वीसी



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने कहा कि पृथ्वी ही मानव जीवन का एकमात्र आधार है, इसलिए इसके संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। वे बुधवार को विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में आयोजित पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित थे। उन्होंने कहा कि केवल भौतिक आवश्यकताएं खुशी नहीं देतीं, बल्कि सच्चा संतोष हमारे भीतर होता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संसाधनों का अंधाधुंध दोहन रोकना होगा और जल संरक्षण, स्वच्छ हवा व प्रदूषण नियंत्रण को प्राथमिकता देनी होगी। जीने के लिए ताजी हवा, स्वच्छ पानी और शुद्ध भोजन जरूरी है, ऐसा उनका कहना था।

### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस



**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में बुधवार को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, मॉडल मेकिंग, एवं बर्ड फीडर निर्माण जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनके माध्यम से बच्चों ने अपशिष्ट पदार्थों के पुन उपयोग का संदेश दिया। इसके साथ ही विद्यालय में पौधारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें "वन स्टूडेंट, वन प्लांट" (एक छात्र–एक पौधा) पहल के तहत प्रत्येक छात्र ने एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### विद्या भारती पब्लिक स्कूल में किया पौधारोपण



**रोहतक।** धामड़ स्थित विद्या भारती पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्प और हरियाली की गूँज दिखाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण अभियान से हुई, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर फलदार व छायादार पौधे लगाए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के जरिए नन्हे कलाकारों ने चित्रों के माध्यम से पृथ्वी को बचाने और प्रदूषण मुक्त बनाने के विचार साझा किए। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण की चुनौतियों और उनके समाधान पर अपने प्रभावी विचार रखे।

### केवीएम पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर बनाए पोस्टर




**रोहतक।** केवीएम पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों एवं शिक्षकों ने वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त परिसर की शपथ तथा निबंध–पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। पूर्व प्राथमिक खंड के बच्चों से हाथों पर रंग लगाकर क्रिया-कलाप करते हुए कक्षा चार से 9वीं कक्षा तक के सभी बच्चों ने सुंदर–सुंदर पोस्टर बनाए। प्रधानाचार्या डॉ. मीना कौशिक ने अपने संबोधन में बच्चों से कहा पृथ्वी हमारा घर है और इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। छोटे–छोटे प्रयास जैसे पानी बचाना, बिजली का उचित प्रयोग करना और पेड़ लगाना आदि पृथ्वी के संरक्षण में बड़ा बदलाव लाते हैं। इस अवसर पर सभी ने यह संकल्प लिया कि वर्ष 2026–27 में परिसर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाया जाएगा और प्रत्येक छात्र एक पौधा गोद लेकर उसकी देखभाल करेंगे।

## दुर्गा भवन मंदिर से माल गोदाम रोड तक अतिक्रमण व अवैध पार्किंग ने बढ़ाई मुसीबत

**जाम का जंजाल**

# भीषण गर्मी में जाम से जंग हार रहा शहर

1 **50 फुट सड़क, 10 फुट में सिमटी, वाहन चालक बेहाल**

2 **रेहड़ियों-गाड़ियों ने छीनी सड़क लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल**

3 **जाम में फंसे स्कूल के बच्चे, मरीज व कर्मचारी**

- कई दुकानदारों ने दुकानें आगे तक बढ़ाई, सड़क तक फैला देते हैं सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि सरोकार

शहर के व्यस्त दुर्गा भवन मंदिर से माल गोदाम रोड तक इन दिनों जाम और अतिक्रमण ने लोगों की जिंदगी मुश्किल बना दी है। कागजों में करीब 50 फुट चौड़ी यह सड़क हकीकत में महज 10 फुट तक सिमट गई है। सड़क किनारे खड़े वाहन, दुकानों के बाहर फैला सामान और रेहड़ियां ट्रैफिक को पूरी तरह बाधित कर रही हैं। हालात यह हैं कि सुबह-शाम के समय लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। भीषण गर्मी में यह परेशानी और बढ़ जाती है, जब धूप में खड़े वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे चिंताजनक स्थिति तब होती है जब एंबुलेंस और इमरजेंसी वाहन भी इस जाम में फंस जाते हैं। प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्रवाई के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

**कार्रवाई के बाद भी नहीं सुधरते हालात, घंटों जाम में पिसते लोग**



### अतिक्रमण ने भी बिगाड़ी व्यवस्था

सड़क किनारे अतिक्रमण भी इस समस्या को और बढ़ा रहा है। कई दुकानदारों ने दुकानें आगे तक बढ़ा ली हैं और सामान को सड़क तक फैला देते हैं। इसके अलावा, ठेले और रेहड़ियां भी स्थायी रूप से सड़क पर खड़ी रहती हैं। पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बचती और वे बीच सड़क पर चलने को मजबूर हैं।

### सड़क बनी पार्किंग स्थल

इस रोड पर सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है। बाजार में आने वाले लोगों के लिए कोई निर्धारित पार्किंग स्थल नहीं है। ऐसे में लोग अपनी गाड़ियां सड़क किनारे ही खड़ी कर देते हैं। धीरे-धीरे यह वाहन पूरी सड़क को घेर लेते हैं और जाम की स्थिति बन जाती है।

### ये हो सकते हैं समाधान

- सड़क को नो-पार्किंग जोन घोषित कर सख्ती से पालन कराया जाए।
- रोजाना टोइंग और चालान अभियान चलाकर अवैध खड़े वाहनों पर कार्रवाई।
- पीक आवर्स में ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती हो।
- जरूरत के अनुसार वन-वे ट्रैफिक सिस्टम लागू किया जाए।
- पास में निर्धारित पार्किंग स्थल/मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाए।
- अतिक्रमण हटाने का नियमित अभियान चलाया जाए, सिर्फ औपचारिक नहीं।
- रेहड़ी-फेरी वालों के लिए अलग वेंडिंग जोन तय किए जाएं।
- पूरी सड़क पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी बढ़ाई जाए।
- फुटपाथ और लेन मार्किंग कर सड़क को व्यवस्थित किया जाए।
- दुकानदारों और लोगों में जागरूकता व नियम पालन सुनिश्चित कराया जाए।



### हर रोज की किच-किच

*हर रोज यहां वाहन चालकों की किच किच होती। वहीं, पूरे मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों का अभाव है, जिससे छोटी-छोटी घटनाएं भी बड़ी परेशानी बन जाती हैं। अक्सर खड़े वाहनों को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर निकल जाते हैं। इसके बाद वाहन मालिक और अन्य लोगों के बीच बहस और विवाद शुरू हो जाता है। जिससे लंबा जाम लग जाता है।*

### क्या कहते हैं राहगीर

*राहगीरों और वाहन चालकों का कहना है कि रोजाना लगने वाले जाम के कारण उनका काफी समय बर्बाद होता है और कई बार जरूरी काम भी प्रभावित होते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे, दफ्तर जाने वाले कर्मचारी और मरीजों को लेकर जाने वाले वाहन सभी इस जाम में फंसकर परेशान होते हैं।*

### एंबुलेंस को भी नहीं मिलता रास्ता

*सुबह और शाम के समय इस रोड पर स्थिति सबसे ज्यादा खराब रहती है। ऑफिस और बाजार के समय में वाहनों का दबाव इतना बढ़ जाता है कि लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। कई बार एंबुलेंस और इमरजेंसी वाहन भी इस जाम में फंस जाते हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है।*

### प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल

*लोगों का कहना है कि इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। दुर्गा भवन मंदिर से माल गोदाम रोड की स्थिति अब केवल ट्रैफिक समस्या नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही है।*

---

**मेडिकल मोड़ पर एक्शन**

# जाम पर बड़ा वार 100 वाहनों के चालान एक लाख का जुर्माना

**सड़क पर खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई, एंबुलेंस और मरीजों को मिली राहत**

**अस्पताल, बाजार और आसपास के संस्थानों के कारण रहता भारी यातायात**

**जागरूकता के साथ सख्ती नियम तोड़ने वालों पर लगातार कार्रवाई के संकेत**


छुट्टी वाले दिन 90 व ड्यूटी वाले दिन 40 फुट रह जाती है सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि इंपैक्ट

शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील ट्रैफिक प्वाइंट मेडिकल मोड़ पर आखिरकार पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए अवैध पार्किंग के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में करीब 100 चालान काटे गए और लगभग एक लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहे इस क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां ट्रैफिक बाधित करने की बड़ी वजह बनी हुई थीं। अस्पताल, बाजार और आसपास के संस्थानों के कारण यहां दिनभर भारी यातायात रहता है, जिससे हालात और बिगड़ जाते थे। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद सड़क पर कुछ हद तक व्यवस्था नजर आई और लोगों को राहत मिली। खासकर मरीजों और एंबुलेंस के लिए रास्ता साफ होना बड़ी राहत माना जा रहा है। लगातार उठाए जा रहे इस तरह के कदमों से उम्मीद जगी है कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में स्थायी सुधार हो सकेगा।





### इसलिए हरकत में आई पुलिस

शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम के मुद्दे को 'हरिभूमि' लगातार प्रमुखता से उठा रहा है। मेडिकल मोड़ सहित कई प्रमुख स्थानों पर जाम की गंभीर स्थिति को उजागर किया गया। इसके बाद प्रशासन और पुलिस हरकत में आए और इस समस्या के समाधान के लिए सख्त कदम उठाए गए। पुलिस का यह अभियान उसी दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

### सड़क पर वाहन खड़ा न करें

अभियान के दौरान पुलिस ने न केवल चालान किए, बल्कि लोगों को जागरूक भी किया। वाहन चालकों को समझाया गया कि वे सड़क पर गाड़ी खड़ी न करें और निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने किया स्वागत

स्थानीय दुकानदारों और निवासियों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से वे इस समस्या से परेशान थे और अब जाकर प्रशासन ने ठोस कदम उठाया है। हालांकि कुछ लोगों ने यह भी सुझाव दिया कि स्थायी समाधान के लिए पार्किंग की बेहतर व्यवस्था भी की जानी चाहिए।

---



## जर्जर भवन और टूटी सड़कों के खिलाफ नेकीराम कॉलेज में एसएफआई ने हस्ताक्षर अभियान चलाया

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को एसएफआई यूनिट द्वारा कॉलेज की खस्ताहाल इमारत और टूटी सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर एक विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चले इस अभियान में हजारों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। यूनिट अध्यक्ष लक्ष्य की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि पिछले 3 साल से कॉलेज का भवन जर्जर अवस्था में है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जर्जर भवन के कारण छात्रों को हॉस्टल के कमरों में कक्षाएं लगानी पड़ रही हैं। वहीं, छात्राओं के लिए टॉयलेट और लाइब्रेरी की स्थिति भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। जिला सचिव अमित पिलाना ने कहा कि यदि हरियाणा सरकार और शिक्षा विभाग ने जल्द ही नई बिल्डिंग और सड़कों के लिए ग्रांट पास नहीं की, तो संगठन एक बड़ा छात्र आंदोलन खड़ा करने को मजबूर होगा। इस दौरान छात्र नेता सनी, रोहित कालसान, राजू, पंकज और शुभम सहित भारी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में शिक्षक, गैर-शिक्षक और अभिभावकों से इस मुहिम में साथ आने की अपील की।

हरिभूमि

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## कच्ची पर्ची बंद होने से मनी लॉन्ड्रिंग पर लगाम के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश की अनाज मंडियों में गेहूं खरीद के साथ-साथ मनी लॉन्ड्रिंग के खेल पर अब आंशिक लगाम लगने के संकेत दिख रहे हैं। इस बार कच्ची पर्ची व्यवस्था बंद कर दी गई है और उसकी जगह जे-फार्म (पक्का बिल) लागू किया गया है। साथ ही मंडी गेट पर बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही किसानों को प्रवेश मिल रहा है, जिससे फर्जी खरीद के मामलों में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है। अब तक इस काले खेल का सबसे आम तरीका फर्जी खरीद दिखाना रहा है, जिसमें आढ़ती ऐसे किसानों के नाम पर गेहूं खरीद दर्ज कर देते थे जिन्होंने वास्तविक रूप से फसल बेची ही नहीं होती। इसके लिए निष्क्रिय या जरूरतमंद किसानों के बैंक खातों का इस्तेमाल होता था।

### ओवर-इनवॉइसिंग भी बड़ा हथियार

इसके अलावा ओवर-इनवॉइसिंग और अंडर-इनवॉइसिंग भी बड़ा हथियार रहा है। अधिक मात्रा दिखाकर अतिरिक्त भुगतान लेना और कम दिखाकर शेष राशि नकद में रखना इस खेल का हिस्सा है। यही पैसा आगे चलकर अन्य कारोबार या साहूकारी में लगाया जाता है, जहां किसानों को 24 से 40 प्रतिशत तक ब्याज पर उधार देकर कर्ज के जाल में फंसाने के आरोप भी सामने आए हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. वीरेन्द्र सिंह लाठर के अनुसार कच्ची पर्ची खत्म होने से इस गड़बड़ी पर कुछ हद तक लगाम लगेगी, क्योंकि डिजिटल और पारदर्शी रिकॉर्ड से फर्जी लेन-देन की गुंजाइश घटेगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि केवल एक सुधार पर्याप्त नहीं है और जमीनी स्तर पर सख्त निगरानी जरूरी है।

## अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की हड़ताल जारी

**रोहतक।** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की 8 अप्रैल से जारी राज्यव्यापी हड़ताल मंगलवार को 15वें दिन में प्रवेश कर गई। मुख्य दमकल केंद्र रोहतक पर धरना जारी रहा, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सोनू हुडा ने की, जबकि संचालन जिला सचिव अरुण ढुल ने किया। कर्मचारियों ने सरकार पर मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए आंदोलन तेज करने का ऐलान किया। राज्य कमेटी के निर्णय अनुसार 22 से 25 अप्रैल तक प्रदेशभर के दमकल कर्मचारी सभी विधायकों और मंत्रियों को ज्ञापन सौंपेंगे। यूनियन नेताओं का कहना है कि आंदोलन अब निर्णायक चरण में पहुंच चुका है। संगठन ने पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा को भी ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में फरीदाबाद में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले कर्मचारियों को शहीद का दर्जा, आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी और कच्चे कर्मचारियों को फायर ऑपरेटर पदों पर समायोजित करना शामिल है।

## 8 डेयरी संचालकों के काटे चालान

**रोहतक में नालों में गोबर बहाने पर नगर निगम सख्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए नालों और सीवरों में गोबर बहाने वाले डेयरी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता के निर्देश पर सफाई शाखा की टीम ने माल गोदाम रोड स्थित डेयरियों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई डेयरी संचालक नियमों की अवहेलना करते हुए गोबर को सीधे नालों और सीवरों में बहाते पाए गए। इस पर निगम की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 8 डेयरी संचालकों के कुल 25 हजार रुपये के चालान काटे। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नगर निगम पहले ही डेयरी संचालकों को चार बार नोटिस जारी कर चुका है, जिसमें उन्हें डेयरियों को निर्धारित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कई संचालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे शहर में गंदगी और सीवर जाम जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि अब इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लगातार निरीक्षण कर नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### मूलभूत सुविधाओं का अभाव

दूसरी ओर, डेयरी संचालकों का कहना है कि उन्हें कन्हैली स्थित डेयरी कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट करने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन वहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। संचालकों का आरोप है कि कन्हैली में बनी डेयरी साइट पर न तो पक्की सड़कें हैं और न ही पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। कई गलियां अब भी कच्ची पड़ी हैं, जिससे डेयरी संचालन करना मुश्किल हो रहा है।

### विकसित किया कांप्लेक्स

कन्हैली में डेयरी कॉम्प्लेक्स विकसित किया गया है ताकि शहर के भीतर चल रही डेयरियों को व्यवस्थित रूप से बाहर शिफ्ट किया जा सके। इसके बावजूद डेयरी संचालकों के सहयोग न करने से स्थिति जस की तस बनी हुई है और शहरवासी गंदगी व बदबू से परेशान हैं। नगर निगम ने बल्क वेस्ट जनरेटर्स को भी सख्त निर्देश दिए हैं।

---

**कर्मचारी, छात्र और वकीलों के एक सुर होने के बाद अब सेवानिवृत्त शिक्षक मंच ने प्रोजेक्ट पर उठाए सवाल**

**सरकार के लिए सिरदर्द बनी योजना**

# एमडीयू जमीन पर कोर्ट कॉम्पलेक्स निर्माण विवाद गहराया, सेवानिवृत्त प्रोफेसर्स का प्रशासन पर बढ़ा दबाव

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की भूमि पर प्रस्तावित न्यायिक परिसर निर्माण को लेकर विवाद अब कई स्तरों पर फैल चुका है। ताजा मोड़ तब आया जब बुधवार को एमडीयू सेवानिवृत्त शिक्षक मंच ने जिला प्रशासन के फैसले पर खुलकर सवाल खड़े करते हुए इसे विश्वविद्यालय की स्वायत्तता पर सीधा आक्रमण बताया। मंच का आरोप है कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सहमति या जानकारी के विश्वविद्यालय की पिछली चारदीवारी तोड़कर निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी, जो न केवल अवैध है बल्कि जनविश्वास के साथ भी छल है। मंच के अनुसार, यह भूमि आसपास के किसानों द्वारा विशेष रूप से शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए दान की गई थी। ऐसे में इसका



किसी अन्य परियोजना के लिए उपयोग विश्वविद्यालय के मूल उद्देश्य के विपरीत है। उनका कहना है कि एमडीयू पहले ही भूमि की कमी से जूझ रहा है और अतीत में कुछ हिस्से दे चुका है, ऐसे में और जमीन कम होना शैक्षणिक, शोध और खेल गतिविधियों के विस्तार को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा।

### प्रशासन धीरे-धीरे बढ़ा रहा कदम

तकनीकी जांच के बीच विकल्पों की तलाश विवाद के बीच प्रशासन अपनी प्रक्रिया भी आगे बढ़ा रहा है। कन्हैली के पास प्रस्तावित जमीन के लोक निर्माण विभाग ने कुछ दिन पहले मिट्टी के नमूने लेकर जांच को भेजे हुए हैं। इसके साथ ही सुनारिया क्षेत्र को भी वैकल्पिक स्थल के रूप में देखा जा रहा था। लेकिन प्रशासन की तरफ से ऐसे संकेत नहीं मिले हैं कि वहां की जमीन के सैम्पल लेकर जांच को भेजे जाएं। ध्यान रहे कि अंतिम निर्णय हाईकोर्ट की कंस्ट्रक्शन कमेटी द्वारा तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा। इसमें भूमि की गुणवत्ता, पहुंच, विस्तार की संभावना और जनसुविधाओं जैसे पहलुओं को ध्यान में रखा जाएगा।एक ओर प्रशासन आधुनिक न्यायिक ढांचे के विस्तार की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय से जुड़े लोग इसे शैक्षणिक भविष्य पर खतरा मान रहे हैं।

### छात्र भी नहीं हटेंगे पीछे

छात्र संगठनों ने भी इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया है। शोधार्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मुलाकात कर साफ कहा कि विश्वविद्यालय की एक इंच जमीन भी नहीं दी जाएगी। उन्होंने 2017 के आंदोलन का हवाला देते हुए चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो फिर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। एमडीयू गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ ने गत 17 अप्रैल को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर इस योजना का विरोध किया था। संघ के नेताओं का कहना है कि यदि विश्वविद्यालय की जमीन पर कब्जे की कोशिश हुई तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### वकील मौजूदा न्यायालय परिसर को छोड़ने के पक्ष में नही

विश्वविद्यालय के कर्मचारी, छात्र संगठन और अब सेवानिवृत्त शिक्षक मंच के साथ-साथ अधिवक्ता भी इस फैसले के खिलाफ एकजुट नजर आ रहे हैं। वकीलों ने साफ कर दिया है कि वे मौजूदा न्यायालय परिसर को छोड़ने के पक्ष में नहीं हैं। उनका तर्क है कि वर्तमान कोर्ट परिसर शहर के केंद्र में होने से आम जनता, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए सुविधाजनक है। लीगल एम्पावरमेंट एंड अवेयरनेस फोरम के अध्यक्ष डॉ. दीपक भारद्वाज ने भी प्रशासन को दिए ज्ञापन में कह है कि कोर्ट को शहर से बाहर ले जाने से न केवल वादकारियों को परेशानी होगी, बल्कि रोजगार और पहुंच पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने सुझाव दिया हुआ है कि पार्किंग जैसी समस्याओं का समाधान मौजूदा परिसर के आसपास उपलब्ध सरकारी जमीन से किया जा सकता है।

### आंदोलन अभी और तेज होगा

सेवानिवृत्त शिक्षक मंच की पूर्व अध्यक्ष डॉ. नीलिमा दहिया ने स्पष्ट कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो इस मुद्दे पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में मांग की है कि परियोजना को तुरंत रोका जाए और विश्वविद्यालय की भूमि को उसके मूल शैक्षणिक उद्देश्य के लिए सुरक्षित रखा जाए। अब नजरें हाईकोर्ट कंस्ट्रक्शन कमेटी के फैसले पर टिकी हैं, जो तय करेगा कि यह विवाद किस दिशा में जाएगा।